स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 16 जून को होगी परीक्षा



कुलपति प्रो.नरेन्द्र प्रताप सिंह● जागरण

- 30 अप्रैल तक कर सकते आनलाइन आवेदन
- उच्च शिक्षा के लिए बेहतर मौका, नौकरी में मिल सकते अच्छे अवसर : कुलपति

बांदा : यूपी कैटेट परीक्षा छात्र-छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा पाने का बेहतर मौका है। वे अपने क्षेत्र में ही रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश के विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के साथ-साथ अच्छी नौकरी के अवसर भी प्राप्त कर सकती हैं। यह बातें कृषि एवं प्रौद्योगिकी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा.नरेन्द्र प्रताप सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक प्रवेश परीक्षा-2022 कृषि विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। प्रदेश की छात्राओं के लिए यह सुनहरा मौका है। यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा के माध्यम से सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में प्रवेश के लिए विशेषकर कला वर्ग से इंटरमीडिएट कर रही एवं कर चुकीं छात्राओं के लिए बीएससी (आनर्स) सामुदायिक विज्ञान में प्रवेश के लिए विशेष अवसर है। इस विषय में प्रवेश के लिए गणित या विज्ञान वर्ग से इंटरमीडिएट कर रही एवं कर चुकी छात्राएं भी सामान रूप से अर्ह है। कुलपति ने बताया कि सामुदायिक विज्ञान शिक्षा व्यक्ति, परिवार एवं समाज कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह वैज्ञानिक एवं रचनात्मक दोनों कार्यों को शामिल करता है। यह न केवल बेहतर घर एवं परिवार के लिए बल्कि शिक्षण, समाज सेवा, व्यवसाय, अनुसंधान में करियर का बेहतर अवसर प्रदान करता है।

कुलसचिव प्रो. एसके सिंह ने बताया कि इस वर्ष इस परीक्षा का आयोजन बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा की ओर से किया जा रहा है। अतः प्रदेश के हर क्षेत्र के हर वर्ग के छात्र-छात्राएं जो भी उच्च शिक्षा लेने के इच्छुक हैं, वे अपने ही क्षेत्र में घर के पास रह कर बीएससी (आनर्स) कृषि, बीएससी (आनर्स) उद्यान, बीएससी (आनर्स) वानिकी व बीएससी (आनर्स) सामुदायिक विज्ञान की उपाधि प्राप्त कर परास्नातक व पीएचडी की डिग्री के लिए भी आगे प्रवेश ले सकते हैं। बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 16 जून को परीक्षा होगी। परीक्षा के लिए आवेदन आनलाइन कर सकते हैं। आवेदन को अभ्यर्थी www.buat.edu.inपर रजिस्ट्रेशन या लॉगिन कर आवेदन कर सकते हैं। आनलाइन आवेदन 30 अप्रैल तक किये जा सकते हैं। आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी परीक्षा अर्हता, शुल्क, सीटों की संख्या एवं अन्य विवरण वेबसाइट www.upcatetexam.orgपर उपलब्ध सूचना विवरणिका को डाउनलोड कर देख सकते हैं। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डा. सौरभ ने पाठ्यक्रम की महत्ता के बारे में बताया। (विवि.)